# तहसील परिसर में मिला युवक का शव



कोटद्वार में युवक का शव मिलने के बाद जांच करती पुलिस

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** बुधवार सुबह तहसील परिसर में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। युवक निर्माणाधीन अधिवक्ता चैंबर भवन के पीछे बेसुध अवस्था में पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे बेस चिकित्सालय पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक जानकारी में युवक के नशे का आदी होने की बात सामने आई है।

बुधवार सुबह करीब नौ बजे तहसील परिसर में सफाई कार्य कर रहे कर्मचारी की नजर निर्माणाधीन अधिवक्ता चैंबर भवन के पिछले हिस्से में पड़े युवक पर पड़ी। युवक को बेसुध देखकर उसने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को तत्काल बेस चिकित्सालय पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप नेगी ने बताया कि मृतक की पहचान लैंसडौन के ग्राम जूही तल्ली निवासी अजय ध्यानी (45) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि युवक नशे का आदी था और पूर्व में चोरी के एक मामले में जेल भी जा चुका है। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसकी जांच की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## लंबित विवेचनाओं व शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश



थाने का निरीक्षण करती पुलिस क्षेत्राधिकारी अस्मिता ममगाईं

जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार : पुलिस क्षेत्राधिकारी अस्मिता ममगाईं ने कालागढ़ थाने का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को साफ-सफाई, अनुशासन बनाए रखने के साथ ही लंबित मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान सीओ ने थाना परिसर, कर्मचारी बैरक, भोजनालय, महिला हेल्प डेस्क और हवालात समेत विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इसके बाद मालखाना, माल मुकदमाती संपत्ति, आर्म्स-एम्युनिशन, एफआइआर, विभिन्न रजिस्टरों और विवेचना संबंधी अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने लंबित विवेचनाओं, जनशिकायतों, समन और वारंटों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि सभी मामलों में कार्रवाई गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से की जाए। क्षेत्र की संवेदनशीलता और आगामी त्योहारों को देखते हुए उन्होंने गश्त और पिकेट चेकिंग बढ़ाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने तथा सत्यापन अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र में नशामुक्ति अभियान और जनजागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने को कहा।

# झण्डाचौक स्थित कॉम्प्लेक्स में लगी आग, हादसा टला



झंडाचौक के समीप कॉप्लेक्स में लगी आग के दौरान निकलता धुंआ

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कोटद्वार के झण्डाचौक स्थित टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में बुधवार सुबह भीषण आग लग गई। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने का सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है।बुधवार को झंडाचौक में मौजूद लोगों को कॉप्लेक्स के ऊपर से काला धुंआ निकलता हुआ नजर आया। इसके जानकारी कॉप्लेक्स में दुकान व रेस्टोरेंट चलाने वालों को दी गई। जिसके बाद उन्होंने अपने प्रतिष्ठानों के शटर खोले तो आग की लपटे बाहर की ओर आने लगी। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल की टीम भी मौके पर पहुंची। और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल विभाग ने बताया कि आग के कारण टूरिस्ट रेस्टोरेंट सहित दो अन्य दुकानों को नुकसान हुआ है। करीब चार से पांच लाख रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।

# संस्कृत प्रतियोगिताओं में राइंका कोटद्वार का दबदबा



आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** नगर निगम क्षेत्र के मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या इंटर कालेज में उत्तराखंड संस्कृत संस्थान की ओर से खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर संस्कृत भाषा के प्रति अपनी प्रतिभा और रुचि का प्रदर्शन किया। समूह नृत्य और समूहगान प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार ने प्रथम स्थान हासिल किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ योगंबर सिंह रावत, प्रधानाचार्य चंद्र सिंह नकोटी, बीना गौड़ और डा. रमाकांत कुकरेती ने संयुक्त रूप से किया। प्रतियोगिताओं के तहत सबसे पहले संस्कृत समूह नृत्य का आयोजन किया गया। इसमें राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार प्रथम, बालिका इंटर कालेज दुगड्डा द्वितीय और श्री सिद्धबली गुरुकुल संस्कृत विद्यालय तृतीय स्थान पर रहा। संस्कृत समूहगान प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालिका इंटर कालेज कण्वघाटी द्वितीय और बालिका इंटर कालेज दुगड्डा तृतीय रहा। संस्कृत नाटक प्रतियोगिता में श्री सिद्धबली गुरुकुल संस्कृत विद्यालय कोटद्वार प्रथम, राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार द्वितीय और राजकीय इंटर कालेज कण्वघाटी तृतीय स्थान पर रहा। संस्कृत वाद-विवाद प्रतियोगिता में आदर्श विद्या निकेतन कोटद्वार ने प्रथम, श्री सिद्धबली गुरुकुल संस्कृत विद्यालय कोटद्वार ने द्वितीय और राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्कृत आशुभाषण में श्री सिद्धबली गुरुकुल संस्कृत विद्यालय कोटद्वार प्रथम, एमकेवीएन कण्वघाटी द्वितीय और आदर्श विद्या निकेतन तृतीय रहा। श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता में महर्षि कण्व विद्या निकेतन कण्वघाटी प्रथम, राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार द्वितीय और श्री सिद्धबली गुरुकुल संस्कृत विद्यालय कोटद्वार तृतीय स्थान पर रहा। इस अवसर पर पूजा घनसेला, विनीता बिष्ट, आंचल, श्रीकांत दुदपुड़ी, डा. रोशन बलूनी और कुलदीप मैंदोला आदि मौजूद रहे।

## सिटी बस संचालन की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र में सिटी बस संचालन की मांग को लेकर उत्तराखंड विकास समिति ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। समिति के पदाधिकारियों ने एसडीएम संदीप कुमार के माध्यम से भेजे ज्ञापन में परिवहन निगम को सिटी बस संचालन के आदेश देने की मांग की।

समिति ने बताया कि सीएम हेल्पलाइन में कार्यरत कर्मचारी ने दूरभाष पर सूचना दी कि कोटद्वार डिपो के एआरएम के अनुसार बसों को पहाड़ में लगाने के कारण सिटी बस संचालन संभव नहीं है। समिति ने इस तर्क पर नाराजगी जताते हुए इसे जनहित के विपरीत बताया और परिवहन निगम के स्तर से सिटी बस संचालन सुनिश्चित करने की मांग की।

# बिना मान्यता संचालित हो रहे मदरसे हुए सील



मदरसे चला रहे लोगों से जानकारी लेती प्रशासन की टीम

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** प्रशासन ने कोटद्वार में बिना मान्यता के संचालित हो रहे दो मदरसे सील कर दिए। उपजिलाधिकारी संदीप कुमार और जिला समाज कल्याण अधिकारी रोहित दुबड़िया के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने मंगलवार देर शाम विभिन्न मस्जिद परिसरों का औचक निरीक्षण कर शिक्षण गतिविधियों एवं संबंधित अभिलेखों का सत्यापन किया।

अभियान के तहत टीम ने लकड़ीपड़ाव स्थित मदीना/रसीदिया मस्जिद के बेसमेंट में छापा मारा, जहां एक कमरे में कुल 29 बच्चे पढ़ाई करते मिले। टीम ने मदरसा संचालन की अनुमति मांगी तो संचालक अनुमति नहीं दिखा पाए। इसके बाद मदरसे के कक्ष को सामान सहित सील किया गया। साथ ही संचालक को उक्त स्थान पर किसी भी प्रकार की पठन-पाठन गतिविधि संचालित न करने के निर्देश दिए। इसके बाद टीम ने नजीबाबाद रोड स्थित जामा मस्जिद का निरीक्षण किया। मस्जिद परिसर के एक कमरे में 14 बच्चे पढ़ाई करते हुए मिले। यहां भी मदरसा संचालन संबंधी अभिलेख नहीं पाए गए। इसके बाद प्रशासन ने इस मदरसे को भी सील कर दिया। उपजिलाधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि बिना आवश्यक मान्यता, अनुमति अथवा निर्धारित प्रक्रिया के संचालित शिक्षण गतिविधियों को लेकर जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक में एक्स-रे मशीन और वेलनेस सेंटर की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : पूर्व सैनिक संघर्ष समिति ने कोटद्वार स्थित ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक में एक्स-रे मशीन उपलब्ध कराने और परिसर में वेलनेस सेंटर का निर्माण कराने की मांग उठाई है। इस संबंध में समिति के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली में सांसद अनिल बलूनी से मुलाकात कर उन्हें समस्याओं से अवगत कराया।

समिति के अध्यक्ष महेंद्र पाल सिंह रावत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल सांसद के दिल्ली स्थित आवास पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि ईसीएचएस पॉलीक्लीनिक में एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध होने से पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। साथ ही परिसर में वेलनेस सेंटर बनने से उन्हें स्वास्थ्य एवं फिटनेस संबंधी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। सांसद अनिल बलूनी ने दोनों मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को मांगों पर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में गोपाल सिंह नेगी और अनसूया प्रसाद सेमवाल शामिल रहे।

### अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल 30 से

जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज प्रतियोगिताओं में उत्तराखण्ड राज्य की टीमों के गठन के लिए जनपद स्तरीय चयन ट्रायल्स का आयोजन किया जाएगा। जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज सिंह चैहान ने बताया कि ट्रायल्स 30 सितंबर और 01 अक्टूबर 2026 को प्रातः 9 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम अगस्त्यमुनि के खेल मैदान में होंगे। इन ट्रायल्स में एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, कैरम, चैस, हॉकी, कबड्डी, लॉन टेनिस, वेट लिफ्टिंग एवं पावर लिफ्टिंग, बेस्ट फिजिक, तैराकी, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, कुश्ती, खो-खो, योग (पुरुष महिला) तथा क्रिकेट फुटबॉल (पुरुष) वर्ग के खेल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि चयन ट्रायल्स में केवल राजकीय कार्मिक ही प्रतिभाग कर सकेंगे। पुलिस एवं सेना विभाग को छोड़कर सभी विभागों के ऐसे कर्मचारी जिनका वेतन अधिष्ठान बजट से दिया जाता है और जो राज्य सरकार के नियमकारी नियंत्रण में हैं, पात्र होंगे। प्रतिभागियों को किसी प्रकार का व्यय देय नहीं होगा। प्रतिभागियों को अपने साथ विभागाध्यक्ष से अनुमति अनापत्ति प्रमाण-पत्र, विभागीय आईडी, मोबाइल नंबर व ई-मेल, स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र और आधार कार्ड की फोटो प्रति लाना अनिवार्य होगा। शासनादेश के अनुसार ट्रायल में भाग लेने वाले कार्मिक ड्यूटी पर माने जाएंगे।

### दोहा वाचन में अशोक सदन रहा अव्वल

श्रीनगर गढ़वाल : केंद्रीय विद्यालय एसएसबी श्रीनगर में हिंदी माह के तहत आयोजित दोहा वाचन प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। छठी और बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं ने कबीर, रहीम, तुलसीदास आदि कवियों के दोहों का वाचन किया। दोहा वाचन में विद्यालय के अशोक सदन ने प्रथम, शिवाजी सदन ने दूसरा और रमन सदन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य कृति द्वारा विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि दोहे हमारी समृद्ध हिंदी साहित्यिक परंपरा के महत्वपूर्ण अंग हैं। इनके माध्यम से जीवन मूल्यों तथा नैतिक शिक्षा को सरलता से समझा जा सकता है।

# संस्कृत आशुभाषण में अक्षित, श्लोकोचारण में कनिष्का ने मारी बाजी

## एकेश्वर ब्लॉक की खंड स्तरीय संस्कृत प्रतियोगिताएं शुरू



**जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली :** उत्तराखण्ड संस्कृत सस्थान हरिद्वार द्वारा आयोजित एकेश्वर ब्लॉक की खण्ड स्तरीय संस्कृत छात्र स्पर्धा अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज नौगांवखाल में बुधवार से शुरू हो गई है। इस मौके पर आयोजित कनिष्ठ वर्ग की संस्कृत आशुभाषण प्रतियोगिता में अक्षित स.वि. चैधार, बत्सल राउमावि सिमारखाल, निकिता जइंकॉ मौन्दाड़ी, श्लोकोचारण में कनिष्का जइंकॉ सुरखेत, लक्ष्मण स.वि. चैधार, दीपिका रावत रिंगवाड़ी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

बुधवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख पंकज बिष्ट, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुंजन अमरोही, एसएमसी अध्यक्ष महेंद्र सिंह रौतेला, प्रधानाचार्य यतेन्द्र धस्माना, प्रधानाध्यापक राकेश पोखरियाल, प्रधानाचार्य अजय घनशाला, जनपद संयोजक रोशन गौड़ ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर किया। खंड संयोजक गणेश पसबोला ने प्रतियोगिताओं के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस पर कनिष्ठ वर्ग की संस्कृत नाटक प्रयोगिता में रा.उ.मा.वि. सिमारखाल, राइंका कुलासू, समूहगान में जनता इंटर कॉलेज कमलपुर, इंटर कॉलेज सुरखेत, राजकीय इंटर कॉलेज नौगांवखाल, समूह नृत्य में संस्कृत विद्यालय चैधार, इंटर कॉलेज सुरखेत, राजकीय इंटर कॉलेज बग्याली, संस्कृत वाद-विवाद में आयुष काला, आयुष संस्कृत विद्यालय चैधार, दिव्या, वंशिका इंटर कॉलेज इंद्रापुरी, यशिका, आंकाक्षा इंटर कॉलेज सुरखेत ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन गणेश पसबोला और राहुल सती, विमल किशोर विडालिया ने किया। इस मौके पर कालिका डोबरियाल, राहुल सती, लीला देवी, तृप्ति बडोला, अरविन्द, दीपिका, शालनी, संजय कुमार, मंगलभूषण सांरग, हर्ष, त्रिलोक, योगम्बर गुसांई, जसवन्त सिंह, मनोज गुसांई, अमित सुन्दरियाल, देवेन्द्र बलूनी, यशवन्त चौहान आदि मौजूद थे।

# पोषण पर ध्यान देकर ही रखी जा सकती है स्वस्थ समाज की नींव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कहा कि स्वस्थ मां और स्वस्थ बच्चा ही सशक्त समाज की मजबूत नींव हैं। जच्चा और बच्चा देश का भविष्य हैं, इसलिए गर्भवती व धात्री महिलाओं के साथ ही बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने महिलाओं से केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से संचालित कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।नजीबाबाद रोड स्थित रोटरी क्लब सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों के समुचित शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए पौष्टिक और संतुलित आहार बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं कल्याण के लिए कई योजनाएं संचालित कर रही हैं। इन योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के साथ ही उनके प्रति जागरूकता बढ़ाना भी जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को लक्ष्मी किट वितरित की गई। साथ ही गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता और संतुलित आहार को लेकर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जागरूक किया गया। गर्भवती और धात्री माताओं को बच्चों के बेहतर पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई।

# विद्यार्थी किसानों, युवाओं और ग्रामीण समुदायों के विकास में योगदान दें



श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (मैनेज), हैदराबाद द्वारा हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय (एचएनबीजीयू), श्रीनगर में ह्लकृषि-स्टार्टअप हितधारक संपर्कः सहयोग एवं साझेदारी को बढ़ावाह्व विषय पर एक महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक ज्ञान को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों से जोड़ने, स्थानीय संसाधनों का उपयोग करने तथा कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नए उद्यम स्थापित कर किसानों, युवाओं और ग्रामीण समुदायों के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया।प्रो. आर.एस. नेगी, निदेशक/डीन, कृषि एवं संबद्ध विज्ञान, चौरास परिसर ने कार्यक्रम के आयोजन एवं विभिन्न विशिष्ट अतिथियों और हितधारकों को एक मंच पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. सरवनन राज, निदेशक (कृषि विस्तार) एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मैनेज ने अपने संबोधन में कृषि-स्टार्टअप, कृषि व्यवसाय, किसान उत्पादक संगठन, इंटर्नशिप, कृषि विस्तार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रहे अवसरों की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने नवीन विचारों को केवल शैक्षणिक स्तर तक सीमित न रखकर उन्हें व्यावहारिक उद्यमों में परिवर्तित करने का आह्वान किया, जिससे रोजगार सृजन, किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान की जा सके। उन्होंने बताया कि कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं को समझकर उनके समाधान के लिए नवीन तकनीकों और उद्यमशीलता का उपयोग किया जा सकता है। प्रो. हरिभजन सिंह चौहान, निदेशक, बिरला परिसर ने कृषि विस्तार एवं विभिन्न संस्थानों के बीच सहयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसानों तक नई तकनीकों, ज्ञान एवं नवाचारों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए मजबूत समन्वय आवश्यक है। कार्यक्रम के अतिथि वक्ता एवं उद्यमी गोविंद सिंह धामी ने ग्रामीण उद्यमिता और ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं पर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि पहाड़ी क्षेत्रों में होमस्टे, स्थानीय व्यंजन, स्थानीय संस्कृति, पारंपरिक उत्पाद, स्थानीय अनुभव तथा सामाजिक माध्यमों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के माध्यम से युवाओं के लिए स्वरोजगार एवं आय के नए अवसर विकसित किए जा सकते हैं। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को अपने आसपास उपलब्ध प्राकृतिक एवं स्थानीय संसाधनों की पहचान करने तथा ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं को नवाचार आधारित व्यावसायिक अवसरों में बदलने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी, संस्थागत सहयोग और ज्ञान के आदान–प्रदान की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

# आमजन को आयुर्वेद को दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए किया जागरूक



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर बुधवार को जनपद रुद्रप्रयाग के समस्त आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में विभिन्न जागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान आयुर्वेद जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर, प्रकृति परीक्षण, योग एवं जीवनशैली परामर्श, औषधीय पौधारोपण के साथ ही स्वच्छता एवं सफाई अभियान संचालित किया गया। जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय, रुद्रप्रयाग में आयोजित कार्यक्रम में संगोष्ठी एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. आर.एस. पाल, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा तिलारा सहित कार्यालय एवं जिला चिकित्सालय के आयुष विंग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आयुष विंग, जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग के चिकित्साधिकारी डॉ. राहुल कुमार वैद्य द्वारा आर्मी मेडिकल कोर में आयोजित संगोष्ठी में प्रतिभाग किया गया।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/।प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बंद होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 200-DRM-MB-26-27 dt. 22.09.2026 | 201-DRM-MB-26-27 dt. 22.09.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Painting of all level crossing station building bridges etc provision of high relief cement murals and thematic painting in the section of ADEN/HW and ADEN/RK in C/W Ardha Kumbha Mela-2027 | Heavy repair of boundary wall flooring & roofing of subway and replacement of flooring of ramps including improvement of circulating area at HW replacement of old corroded pipelines redevelopment of old tube wells provision of new tube wells and additional pipelines at HW area and other allied works for maintenance of engineering assets in c/w Ardha kumbha Mela-2027 |
| निविदा का प्रकार | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत | 2,29,99,974.01 | 3,43,93,089.79 |
| धरोहर राशि | 4,60,000.00 | 6,87,900.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 15.10.2026 16:00 | 15.10.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 01.10.2026 | 01.10.2026 |
| आफर की वैधता | 60 days | 60 days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 06 Months |

Tender No. 74-W/2/3/WA/Publication Dated : 23.09.2026 3304/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी ने सुनी समस्याएं

**ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, शिक्षा, खेल मैदान, सोलर लाइट सहित विभिन्न समस्याएं रखीं**



**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग** : जिला सूचना अधिकारी के.एल. टम्टा की अध्यक्षता में बुधवार को विकासखंड ऊखीमठ के ग्राम पंचायत किमाणा में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा उनके शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित किए गए।

कार्यक्रम के प्रारंभ में क्षेत्र के समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि स्वर्गीय डॉ. कैलाश पुष्पवाण को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात नशा मुक्त भारत अभियान के तहत उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने नशा मुक्ति की शपथ ली। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों की समय पर मरम्मत न होने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित होने की समस्या रखी। जल जीवन मिशन के तहत सारी करोखी, पैंज एवं किमाणा पेयजल योजना में शेष कनेक्शन पूर्ण किए जाने तथा मुख्य स्रोत पर पेयजल चैंबर निर्माण की मांग भी रखी गई। इसके साथ ही ग्राम पैंज में खेल मैदान निर्माण, गांव में सोलर लाइट लगाए जाने तथा देवरियाताल-किलपुड़ा पेयजल योजना में दूषित पानी की आपूर्ति की समस्या से अवगत कराया गया। वहीं प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के फेज-4 के तहत प्रस्तावित किमाणा से कन्थया गांव तक सड़क निर्माण, जंगली जानवरों से सुरक्षा, कृषि भूमि में घेरबाड़, चेकडैम निर्माण, क्षतिग्रस्त नालियों एवं पुस्तों के निर्माण तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ऊखीमठ के उच्चीकरण सहित विभिन्न समस्याएं एवं मांगें ग्रामीणों द्वारा रखी गईं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान किमाणा सुलेखा त्रिवेदी, क्षेत्र पंचायत सदस्य सुलेखा देवी, पूर्व प्रधान संदीप सिंह पुष्पवाण, वन सरपंच देवी शंकर, युवा मंगल दल अध्यक्ष रविंद्र सिंह, महिला मंगल दल अध्यक्ष भुवनेश्वरी देवी, कनिष्ठ सहायक सूचना विभाग अरुण भरतरी, ग्राम विकास अधिकारी उत्तम राणा, वन बीट अधिकारी ऋषिराज खोयाल, रोजगार सहायक गीता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# विद्यार्थी नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं



**जयन्त प्रतिनिधि। लैंसडौन** : भक्त दर्शन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जयहरीखाल में एंटी ड्रग सेल के तत्वावधान में बुधवार को ट्रेक फॉर ड्रग-फ्री देवभूमि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करने के साथ-साथ उनमें शारीरिक फिटनेस, मानसिक स्वास्थ्य एवं सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना रहा।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने पहाड़ी क्षेत्र में ट्रेकिंग की तथा रास्ते में आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। विद्यार्थियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश देते हुए लोगों को नशे से दूर रहने तथा युवाओं को स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एडवेंचर टूरिज्म को सामाजिक जिम्मेदारी से जोड़ने पर भी जोर दिया गया। विद्यार्थियों ने ट्रेकिंग के माध्यम से फिटनेस को बढ़ावा देने तथा मानसिक तनाव को कम करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. एस. ए. अंसारी ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ, जागरूक एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देकर ही नशामुक्त देवभूमि के संकल्प को मजबूत किया जा सकता है।

# बद्रीनाथ धाम में पहली बार पहुंचे 17.79 लाख से अधिक श्रद्धालु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में चारधाम यात्रा लगातार नए आयाम स्थापित कर रही है। यमुनोत्री और गंगोत्री धाम के बाद अब बद्रीनाथ धाम में दर्शनार्थियों की संख्या ने सभी पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। धाम के यात्रा इतिहास में यहां पहली बार श्रद्धालुओं की संख्या 17 लाख 79 हजार 805 पहुंच चुकी है। जबकि धाम के कपाट बंद होने में अभी डेढ़ से पौने दो महीने का समय शेष है।

23 अप्रैल को शुरू हुई बद्रीनाथ यात्रा 22 सितंबर को 153 दिनों में ही आस्था का नया रिकॉर्ड बना चुकी है। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के अनुसार उत्तराखंड राज्य के स्थापना वर्ष 2000 में बद्रीनाथ धाम में कुल दर्शनार्थियों की संख्या 06 लाख 95 हजार 332 थी। वर्ष 2007 में यह आंकड़ा बढ़कर 07 लाख 68 हजार 107 पहुंच गया। वर्ष 2008 और 2010 में यह संख्या 10 लाख पार हुई लेकिन 2014 में भीषण आपदा भक्तों की राह में रोड़ा बन गई। श्रद्धालुओं की संख्या 01 लाख 59 हजार 575 पर सिमट गई। वर्ष 2018 और 2019 में क्रमशः 10,48,051 और 12,44,993 श्रद्धालु दर्शन को पहुंचे। लेकिन फिर कोरोना संक्रमण के चलते यह आंकड़ा डेढ़ से दो लाख के बीच सिमट गया। वर्ष 2020 में मात्र 1,55,055 और 2021 में 1,99,409 तीर्थयात्री दर्शन को पहुंचे। धामी सरकार के कुशल यात्रा प्रबंधन और यात्री सुविधाओं का विस्तार होने से 2022 से भगवान बद्रीविशाल जी के भक्तों की संख्या लगातार रिकॉर्ड बनाती गई है। वर्ष 2022 में 17,63,578, 2023 में 17,80,429, 2024 में 17,74, 264 और 2025 में सर्वाधिक 17,78,298 श्रद्धालु भगवान बद्रीविशाल के दर्शन को पहुंचे। अब मौसम सुधरने के साथ ही यहां हर रोज यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। मंगलवार को 6,685 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। चारधाम यात्रा के दूसरे चरण में दर्शनार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए धामों और पड़ावों में यात्री सुविधाओं पर खास फोकस किया गया है। स्वास्थ्य और सुरक्षा व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाया गया है।

## व्यापारियों ने जीएसटी छापामारी का किया विरोध

श्रीनगर गढ़वाल : प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल श्रीनगर इकाई की ओर से छापामारी के विरोध में जीएसटी कमिश्नर देहरादून को उपजिलाधिकारी श्रीनगर के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया।

प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी के नेतृत्व में व्यापारियों ने कहा कि त्योहारी सीजन को देखते हुए जीएसटी अधिकारियों की ओर से बाजार में अनावश्यक छापा मारा जा रहा है। वासुदेव कंडारी ने कहा कि त्योहारी सीजन की तैयारियों में व्यापारी व्यस्त हैं। ऐसे में विभाग की ओर से की जा रही कार्रवाई से उनके व्यापार पर विपरीत प्रभाव भी पड़ेगा। उन्होंने कहा है कि त्योहारी सीजन के दौरान बाजार में औचक निरीक्षक, जांच अभियानों में प्रभावी रोक लगाई जाए।

# लंबित ऋण प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें : मनविंदर कौर



**जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग** : जिलाधिकारी विशाल मिश्रा के निर्देशों के क्रम में बुधवार को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर ने की। बैठक में विभिन्न योजनाओं के तहत लाभार्थियों को ऋण एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने, लंबित प्रकरणों के निस्तारण तथा बैंक एवं विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों के साथ ही पर्यटन विभाग, आरसेटी, ग्रामीण आजीविका मिशन सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं स्वरोजगारपरक योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही वित्तीय सहायता की प्रगति पर चर्चा की गई। जिला विकास अधिकारी ने संबंधित बैंक प्रतिनिधियों एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकारी योजनाओं के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के ऋण एवं वित्तीय सहायता से संबंधित प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में बैंकों की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करते हुए लाभार्थियों को आवश्यक बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस अवसर पर महाप्रबंधक जिला उद्योग महेश प्रकाश, अग्रणी बैंक प्रबंधक अनूप असवाल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, जिला समाज कल्याण अधिकारी टी आर मलेठा, निदेशक आरसेटी अरुण कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी एवं बैंक प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## एक नजर

### संचालन में अव्यवस्था पर घोड़े–खच्चर संचालकों में नाराजगी

बड़कोट। यमुनोत्री धाम के पैदल यात्रा मार्ग पर कुली एजेंसी की रोटेशन व्यवस्था नियमित रूप से संचालित नहीं हो रही है। जिला पंचायत की नाकामी पर घोड़ा–खच्चर संचालकों में नाराजगी है। उन्होंने रोटेशन व्यवस्था लागू करने में भेदभाव किए जाने का आरोप लगाया है और जिला पंचायत से व्यवस्था को पारदर्शी और समान रूप से लागू करने की मांग की है।

घोड़ा–खच्चर संचालक आशीष मोहन, बुजमोहन, दिनेश, सुमन, दुर्गेश, हरीश, मोहन लाल आदि ने कहा कि पैदल मार्ग पर रोटेशन व्यवस्था का पालन मुख्य रूप से घोड़ा–खच्चर संचालकों पर कराया जा रहा है जबकि डंडी–कंडी मजदूरों के लिए यह व्यवस्था प्रभावी ढंग से लागू नहीं की जा रही है। उनका आरोप है कि कई डंडी–कंडी मजदूर निर्धारित स्टैंड पर रहने के बजाय होटल, ढाबों और वाहनों के आसपास यात्रियों को आकर्षित करने में लगे रहते हैं।

संचालकों का कहना है कि यदि प्रशासन वास्तव में रोटेशन व्यवस्था को ईमानदारी और निष्पक्ष तरीके से लागू करना चाहता है तो राम मंदिर के समीप सभी श्रेणी के यात्रा संचालकों और मजदूरों पर समान रूप से सख्ती की जानी चाहिए। इससे यात्रियों को अनावश्यक रूप से आकर्षित करने की होड़ पर रोक लगेगी और पैदल मार्ग पर व्यवस्था भी बेहतर होगी।

### कबड्डी में न्याय पंचायत खड़क्यासेम व गुंदियाट गांव प्रथम

पुरोला। विकास खंड पुरोला में आयोजित दो दिवसीय विकास खंड स्तरीय प्राथमिक एवं सब–जूनियर खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्राथमिक बालक कबड्डी में न्याय पंचायत खड़क्यासेम व बालिका कबड्डी में न्याय पंचायत गुंदियाट गांव विजेता रही। सब–जूनियर बालक कबड्डी में न्याय पंचायत चंदेली और बालिका वर्ग में न्याय पंचायत गुंदियाटगांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।खेल समन्वयक आर.एस. रावत ने जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों के अंतिम परिणाम जारी किए। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में प्राथमिक वर्ग में उत्कर्ष, हसरुद्दीन, गुंजन, हिमांशी और परिधि ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान हासिल किया।

वहीं सब–जूनियर वर्ग में नक्ष, प्रियांशु, तन्मय, मोहित, हरिओम, करिश्मा, सानिया, ऐश्वर्या, संदेशा, राधिका और एंजेल ने अपनी–अपनी स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले सैनिटरी पैड की गुणवत्ता खराब

उत्तरकाशी। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किशोरियों के लिए दिए जा रहे सैनिटरी पैड की गुणवत्ता सही न होने के कारण उनको नगर व ग्रामीण क्षेत्र में कोई नहीं खरीद रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का कहना है कि खरीद नहीं होने के कारण उनको ही उसका पूरा खर्चा वहन करना पड़ रहा है। इससे वह केंद्रों में पड़े–पड़े खराब हो रहे हैं। साथ ही गर्भवतियों के जाने वाल आहार के भाड़े का पैसा भी उन्हें ही देना पड़ रहा है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिन सैनिटरी पैड को किशोरियों और महिलाओं के प्रयोग के लिए दिया जा रहा है। उसकी गुणवत्ता खराब होने के कारण उसका किसी प्रकार का प्रयोग नहीं हो रहा है। आंगनबाड़ी संगठन की जिलाध्यक्ष विजयलक्ष्मी नौटियाल, रुकमणी सेमवाल, सुमित्रा, किरन भंडारी, चंदा पंवार, वंदना देवी का कहना है कि पहले सरकार की ओर से वह पांच रूपए की लागत से बेचने के लिए दिए गए। उस दौरान वह कुछ महिलाओं ने खरीदे लेकिन अब उसका मूल्य 15 रुपये होने के बाद से नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में उन्हें कोई भी नहीं खरीद रहा है।

इसलिए उसका पूरा खर्चा उन्हें ही वहन करना पड़ रहा है। इस वित्तीय वर्ष में प्रत्येक केंद्रों के लिए आए पहल लॉट का खर्चा उन्हें स्वयं उठाना पड़ा था। वहीं अब दूसरे लॉट का लेने से उनकी ओर से इन्कार किया गया है।

# मुख्यमंत्री ने 306 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं को दी मंजूरी



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में सड़क अवसंरचना, पर्यटन विकास, बाढ़ सुरक्षा, धार्मिक स्थलों के सौन्दर्यीकरण तथा एवं जन सुविधाओं से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों के लिए प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने राज्य सेक्टर के अंतर्गत मानसून अवधि में बाढ़ सुरक्षा कार्यों, क्षतिग्रस्त परिसम्पत्तियों के पुनर्निर्माण एवं बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यों के निर्माण के लिए पिथौरागढ़, चमोली, देहरादून, उत्तरकाशी एवं पौड़ी गढ़वाल जनपदों की 06 योजनाओं हेतु 9.30 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने का अनुमोदन किया है।मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि के अंतर्गत भारत सरकार से स्वीकृत 09 कार्यों के लिए 288.41 करोड़ की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में 40 प्रतिशत धनराशि 115.36 करोड़ अवमुक्त किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने श्री बद्रीनाथ धाम में रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्य की पुनरीक्षित लागत के क्रम में वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हुए चालू वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार के पर्यटन अवस्थापना मद से 6 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सल्ट में मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत शक्तिपीठ भौनादेवी मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिए 50 लाख की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किए जाने का अनुमोदन किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट में मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत कुणिया ग्राम सभा में तपड़ी घाट से गोलमानू प्राथमिक विद्यालय तक सीसी मार्ग के निर्माण के लिए 72.63 लाख की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किए जाने का अनुमोदन किया है। मुख्यमंत्री ने जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र जागेश्वर में मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत चलनीछीना में घटीका मंदिर के सौन्दर्यीकरण के लिए 99.39 लाख की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किए जाने का अनुमोदन किया है।

# कांग्रेस ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला



उत्तरकाशी। प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था, बढ़ती आपराधिक घटनाओं और पुलिस प्रशासन की कथित निष्क्रियता के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने हनुमान चौक पर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया।

बुधवार को कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह रावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। वहां उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह रावत ने कहा कि ऊधमसिंह नगर में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कई बार के विधायक तिलकराज बेहड़ के साथ कथित अभद्र व्यवहार और दबंगई की घटना के दौरान पुलिस प्रशासन की भूमिका पर सवाल खड़े हुए हैं। इस मौके पर घनानंद नौटियाल, कनक पाल सिंह परमार, शूरवीर सिंह राणा, उत्तम सिंह गुसाईं, शीशपाल पोखरियाल, पपेंद्र नेगी, रमन कठेत, सुधीश पंवार, हिमांशु सेमवाल, आदर्श राणा, दीपक नेगी आदि मौजूद रहे।

# तीन गांवों में दिखे भालू, ग्रामीणों में दहशत



नारायणबगड़। ब्लॉक के बमियाला, कफोली और नोलापानी गांवों में भालुओं के लगातार देखे जाने से ग्रामीण दहशत में हैं। भालुओं के डर से महिलाओं के कामकाज और बच्चों की सुरक्षा प्रभावित हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार भालुओं के झुंड गांवों के आसपास घूम रहे हैं। ये भालू ग्रामीणों की फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बुधवार को बमियाला और कफोली गांव के ग्रामीण वनक्षेत्राधिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने भालुओं की दहशत से निजात दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने वनक्षेत्राधिकारी को ज्ञापन सौंपकर भालुओं को जंगल में खदेड़ने का आग्रह किया। वनक्षेत्राधिकारी प्रदीप गौड़ ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर वनकर्मियों की एक टीम प्रभावित गांवों की ओर रवाना कर दी गई है। भालुओं को भगाने के लिए ग्रामीणों को पटाखे भी दिए गए हैं। ज्ञापन देने वालों में केशर सिंह, कृपाल सिंह, गोपाल सिंह, महेंद्र सिंह, ममंद अध्यक्ष नंदी देवी, संगीता देवी, जीतसिंह, उदयसिंह आदि शामिल थे।

## भूस्खलन रोकने के लिए बनेगी सुरक्षा दीवार

देवाल। स्टेट हाईवे थराली–देवाल–लोहाजंग पर स्थित गमलीगाड़ भूस्खलन क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग चार परत की क्रेटवायर सुरक्षा दीवार बनाएगा। इसके लिए विभाग ने करीब 45 लाख रुपये का इस्टीमेट तैयार किया है। यहां पिछले एक महीने से लगातार भूस्खलन के कारण यातायात बाधित हो रहा है। गमलीगाड़ हाईवे एक संवेदनशील और खतरनाक क्षेत्र बन चुका है। हर बरसात में यहां बड़े पैमाने पर भूस्खलन होता है। लोनिवि ने इस भूस्खलन क्षेत्र का भूगर्भीय सर्वे करवाया था। लोनिवि के अधिशासी अभियंता मनीष डोगरा ने बताया कि भूगर्भीय रिपोर्ट के तहत यहां अस्थायी उपचार का सुझाव दिया गया है। क्रेटवायर की सुरक्षा दीवार बनाने के लिए 45 लाख रुपये का इस्टीमेट तैयार किया गया है। स्वीकृति मिलने के बाद चार परत की क्रेट वायर दीवार का निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। यह दीवार क्षेत्र में भूस्खलन की समस्या को कम करने में मदद करेगी।

# जयकारों के बीच सिद्धपीठ कुरुड़ में विराजमान हुईं मां नंदा की डोलियां



नंदानगर। जय मां नंदा के जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच बुधवार को कुरुड़ और बंड क्षेत्र की मां नंदा की डोलियां विधि–विधान से सिद्धपीठ कुरुड़ मंदिर में विराजमान हो गईं। इसके साथ ही मां नंदा की 19 दिन की बड़ी जात का निर्विघ्न समापन हो गया। विभिन्न पड़ावों से होते हुए डोलियां कैलाश के लिए विदा हुईं और वापसी पर क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। इस दौरान 12 साल बाद फिर आयोजन का संकल्प लिया गया।फरखेत गांव के बाद विभिन्न पड़ावों से होते हुए मां नंदा की डोलियां बुधवार अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे कुरुड़ मंदिर परिसर पहुंचीं। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। डोलियों के मंदिर पहुंचने पर कुरुड़ बाजार और मंदिर परिसर में भक्तों की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया। डोली के मुख्य पुजारी मुंशी चंद्र गौड़ सहित अन्य ब्राह्मणों ने मां नंदा का पूजन और हवन कराया। इस दौरान 12 साल बाद फिर बड़ी जात के आयोजन का संकल्प लिया गया। इस मौके पर महिपाल सिंह रावत, भगवती प्रसाद, हरि प्रसाद, सत्य प्रसाद, सुरेंद्र सिंह, रमेश गौड़, महिला मंगल दल अध्यक्ष देवेश्वरी देवी सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

# त्रियुगीनारायण में 21 दंपतियों ने की संतान प्राप्ति की कामना



फाटा। द्वादशी तिथि पर त्रियुगीनारायण मंदिर में 21 दंपतियों ने भगवान नारायण और भैरवनाथ के पश्वा से संतान प्राप्ति की कामना की। पूजा–अर्चना के बाद दंपतियों को प्रसाद एवं श्रीसंवाद प्रदान किया गया।

बुधवार को भगवान विष्णु नारायण के जन्मोत्सव के रूप में मनाई जाने वाली बामन द्वादशी पर महिलाओं और बेटियों ने अपने घरों से हरियाली लाकर नारायण को अर्पित की। हिमालयी क्षेत्र से लाए गए ब्रह्मकमल से भगवान नारायण की मूर्ति का श्रृंगार किया गया। सुबह ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ब्रह्मकमल समेत विभिन्न पूजा सामग्री से भगवान का श्रृंगार किया। इसके बाद नारायण की मूर्तियों को थाल में विराजमान कर पश्वाओं ने मुख्य मंदिर की कई परिक्रमा की। अनुष्ठान के बाद मंदिर परिसर में पहुंचे दंपतियों को प्रसाद वितरित किया गया। भक्तों ने मोरू प्रजाति के वृक्ष की लकड़ी से झांकड़ी निकालकर उत्सव मनाया। लकड़ी को प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं को वितरित करने के साथ हवन कुंड में भी डाला गया। विभिन्न स्थानों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने एक–दूसरे से मिलकर स्नेह और सौहार्द का संदेश दिया। वहीं त्रियुगीनारायण मंदिर जनसेवा समिति की ओर से आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिए गए हैं। समिति अध्यक्ष दिवाकर गैरोला ने बताया कि गांव के ही एक ग्रामीण की मृत्यु होने के कारण समिति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित करने का निर्णय लिया है।

## डीडीआरसी में दो माह से लटका है ताला

नई टिहरी। समाज कल्याण विभाग की लेटलतीफी टिहरी जिले के दिव्यांगजनों पर भारी पड़ रही है। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र (डीडीआरसी) नई टिहरी में पिछले दो माह से ताला लटका हुआ हैं। दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों से अपनी समस्या लेकर पहुंच रहे दिव्यांगजनों को केंद्र बंद मिलने पर निराश लौटना पड़ रहा है।समाज कल्याण विभाग में जिले के करीब 15 हजार दिव्यांग पंजीकृत हैं। जिसमे लगभग 11 हजार शारीरिक और करीब चार हजार मानसिक दिव्यांग शामिल हैं। डीडीआरसी के माध्यम से दिव्यांगजनों को बैसाखी, व्हीलचेयर, कान की मशीन, छड़ी और चश्मे सहायक उपकरण उपलब्ध कराने में मदद की जाती है। जरूरतमंदों को फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, विशेष परामर्श, विशेष शिक्षा और पुनर्वास सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती हैं। इसके अलावा दिव्यांग प्रमाणपत्र और यूडीआईडी कार्ड बनवाने में भी डीडीआरसी दिव्यांगजनों की मदद करता है। केंद्र बंद होने का सबसे अधिक असर जिला अस्पताल बौराड़ी में प्रत्येक बुधवार को लगने वाले दिव्यांग शिविर पर भी पड़ा है। पहले डीडीआरसी के कर्मचारी शिविर में पहुंचकर दिव्यांगजनों को प्रमाणपत्र, यूडीआईडी कार्ड और अन्य जरूरी प्रक्रियाओं में मदद करते थे लेकिन पिछले दो माह से केंद्र बंद होने के कारण समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी शिविर में भी नहीं पहुंच रहे हैं।

# पतंजलि आयुर्वेद गुरुकुलम् भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षा के समन्वय का बनेगा सशक्त केंद्र : धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में प्रथम पतंजलि आयुर्वेद गुरुकुलम् का किया शुभारंभ




**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को पतंजलि वेलनेस योगग्राम, ग्राम औरंगाबाद, हरिद्वार में प्रथम पतंजलि आयुर्वेद गुरुकुलम् के उद्घाटन समारोह में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने गुरुकुलम् के शुभारंभ पर योगगुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण तथा समस्त पतंजलि परिवार को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरिद्वार हमारी आस्था, संस्कृति और सनातन परंपरा का प्रमुख केंद्र है। देवभूमि में पतंजलि आयुर्वेद गुरुकुलम् का शुभारंभ भारत की गौरवशाली ज्ञान परंपरा को आधुनिक युग से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि भारत की गुरुकुल परंपरा हजारों वर्षों से ज्ञान, संस्कार, अनुशासन और चरित्र निर्माण का आधार रही है। गुरुकुलों में विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ जीवन जीने की कला और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का भी बोध कराया जाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पतंजलि आयुर्वेद गुरुकुलम् भारतीय ज्ञान परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। यहां आधुनिक विज्ञान और तकनीक के साथ योग, आयुर्वेद, भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों का समन्वय विद्यार्थियों को अपनी जड़ों से जोड़ने के साथ भविष्य की चुनौतियों के लिए भी तैयार करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में तेजी से बदलती दुनिया में गुरुकुल शिक्षा की प्रासंगिकता और बढ़ी है। आधुनिक ज्ञान के साथ संस्कार, अनुशासन और संतुलित जीवन शैली की शिक्षा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण ने योग, आयुर्वेद, शिक्षा, अनुसंधान और जन–स्वास्थ्य के क्षेत्रों में निरंतर कार्य किया है। स्वामी रामदेव ने योग को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जबकि आचार्य बालकृष्ण द्वारा आयुर्वेद के अध्ययन, शोध और प्रसार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को पर्यटन के साथ-साथ ज्ञान, योग, आयुर्वेद और अध्यात्म के प्रमुख वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर प्रयासरत है। पतंजलि आयुर्वेद गुरुकुलम् जैसे शिक्षण संस्थान इस दिशा में महत्वपूर्ण सहयोगी सिद्ध होंगे।

# छात्रसंघ चुनाव : उत्तरकाशी में 21 नामांकन पत्र बिके

उत्तरकाशी/बड़कोट। छात्रसंघ चुनाव को लेकर उत्तरकाशी और बड़कोट में छात्र गतिविधियां तेज हो गई हैं। पीजी कॉलेज उत्तरकाशी में बुधवार को विभिन्न पदों के लिए नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। वहीं, स्व. राजेंद्र सिंह रावत राजकीय महाविद्यालय बड़कोट में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अपने अधिकृत प्रत्याशियों के नाम घोषित कर दिए।

पीजी कॉलेज उत्तरकाशी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बचन लाल ने बताया कि अध्यक्ष पद के लिए तीन, उपाध्यक्ष के लिए चार, सचिव पद के लिए पांच, सह सचिव के लिए तीन, कोषाध्यक्ष के लिए दो और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद के लिए चार नामांकन पत्र बिके। इस तरह विभिन्न पदों के लिए कुल 21 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई।उधर, बड़कोट में एबीवीपी के नगर मंत्री ध्रुव टम्टा ने संगठन के कार्यकर्ताओं और पूर्व पदाधिकारियों की मौजूदगी में छात्रसंघ चुनाव सत्र 2026–27 के लिए अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा की। अध्यक्ष पद पर सौरभ, महासचिव पद पर आयुष मालियान, सह सचिव पद पर शीतल, कोषाध्यक्ष पद पर दिया राणा और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद पर सिद्धांत रावत को प्रत्याशी बनाया गया है।

# एचआईवी/एड्स जागरूकता अभियान के लिए देहरादून पहुंचे सोमेन देवनाथ




देहरादून, अपनी साइकिल से विश्व भ्रमण के दौरान 19 वर्षों में 7 महाद्वीपों के 191 देशों में 2 लाख किलोमीटर से अधिक की दूरी तय कर एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने वाले मशहूर साइक्लिस्ट सोमेन देवनाथ ने बुधवार को पुलिस कार्यालय देहरादून में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिष्टाचार भेंट की। सोमेन देवनाथ 27 मई 2004 को साइकिल के माध्यम से विश्व स्तर पर एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से यात्रा पर निकले थे। पुलिस के अनुसार, अपने विश्व भ्रमण के दौरान उन्होंने विभिन्न देशों में पहुंचकर करीब 2 करोड़ लोगों को एचआईवी/एड्स के संबंध में जागरूक किया।

वर्तमान में सोमेन देवनाथ ह्वरीयूनियन भारत, वन ट्री अभियान के तहत भारत भ्रमण पर हैं। यह यात्रा 27 मई 2026 से 27 मई 2027 तक प्रस्तावित है, जिसके दौरान वे देश के 28 राज्यों और 5 केंद्रशासित प्रदेशों में जागरूकता अभियान चला रहे हैं।

### त्योहारों में दुकानों में छापा मारने का विरोध किया

कर्णप्रयाग। आगामी शादियों, धनतेरस और दीपावली के त्योहारी सीजन के बीच जीएसटी विभाग की बढ़ती सक्रियता और सर्वे, छापा मारने की कार्रवाई से चमोली जिले के व्यापारी आक्रोशित हैं। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने त्योहारी सीजन पर छापामारी का विरोध किया। उन्होंने इस कार्रवाई को मानसिक और आर्थिक उत्पीड़न बताते हुए इसे तुरंत रोकने की मांग उठाई( नगर व्यापार मंडल के नेतृत्व में जिला व्यापार मंडल के प्रतिनिधि एवं अन्य व्यापारियों ने एसडीएम अलकेश नौडियाल के माध्यम से डीएम चमोली को ज्ञापन भेजा। नगर अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह मिंगवाल और महामंत्री कांति पुजारी ने कहा कि यदि त्योहारी सीजन के दौरान छापामारी पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई तो चमोली जिले के सभी 52 संगठनात्मक नगर व ग्रामीण निकायों के पदाधिकारी जीएसटी कमिश्नर कार्यालय का घेराव करेंगे। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष ईश्वरी प्रसाद मैखुरी, संजय लखेड़ा, सुबोध डिमरी, सतेंद्र डिमरी, अमित मैखुरी आदि शामिल थे।

# दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण में तेजी लाएं अधिकारी: डीएम



देहरादून, दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त सरकारी परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुनर्निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित ऋषिपर्णा सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने ब्लॉक, तहसील और विभिन्न विभागों से प्राप्त आपदा से संबंधित पुनर्निर्माण प्रस्तावों की समीक्षा की।

**एसडीआरएफ मानकों के अनुरूप प्रस्तावों पर तुरंत जारी हो बजट**

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपदा में क्षतिग्रस्त परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण के प्रस्तावों की प्राथमिकता के आधार पर जांच की जाए। उन्होंने कहा कि जो आगणन स्टेट डिजास्टर रिस्पांस फंड (एसडीआरएफ) के निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए जाते हैं, उनके लिए तत्काल धनराशि जारी कर पुनर्निर्माण कार्य शुरू कराए जाएं। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि पुनर्निर्माण कार्यों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए और स्वीकृत धनराशि का उपयोग निर्धारित मानकों के अनुसार समयबद्ध तरीके से किया जाए।

**गलत आकलनों पर अधिकारियों को फटकार**

बैठक के दौरान कुछ विभागों की ओर से प्रस्तुत प्रस्तावों में कमियां पाए जाने और कुछ आगणन एसडीआरएफ के मानकों के अनुरूप नहीं मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई।

उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारियों (बीडीओ) को निर्देश दिए कि वे अपने स्तर पर आगणनों की दोबारा जांच कराएं और आवश्यक संशोधन के बाद सही प्रस्ताव जल्द प्रस्तुत करें, ताकि पात्र प्रस्तावों पर बजट जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा सके।जिलाधिकारी ने सख्त हिदायत दी कि संबंधित विभागीय अधिकारी प्रस्तुत किए जा रहे आंकड़ों और आगणनों की पूरी तरह जांच सुनिश्चित करें।

## संक्षिप्त समाचार

### कार और बाइक की टक्कर, बाइक सवार की मौत

चोपता। रुद्रप्रयाग–पोखरी मार्ग पर सत्तेराखाल से करीब चार किलोमीटर पीछे मायकोटी डाट पुल के समीप बुधवार सुबह कार और बाइक की आमने–सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार ने मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान शिव लाल (55) निवासी ग्राम मल्या गांव बोरा, रुद्रप्रयाग के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शिव लाल विकास भवन रुद्रप्रयाग में चालक के पद पर कार्यरत थे और ड्यूटी के लिए रुद्रप्रयाग जा रहे थे। वहीं कार नागनाथ पोखरी की ओर जा रही थी। इसी बीच मायकोटी डाटपुल के पास दोनों वाहनों की टक्कर हो गई और बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस मौके पर दुर्घटना के कारणों को जानकारी जुटा रही है। आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि शव जिला अस्पताल लाया जा रहा है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया जाएगा।

### नर्सिंग इंटर्न छात्र–छात्राओं ने की स्टाइपेंट की मांग

गोपेश्वर। नर्सिंग कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं ने अनिवार्य इंटर्नशिप के दौरान स्टाइपेंड देने की मांग उठाई। मांग के लिए प्रदेशभर के नर्सिंग कॉलेजों के छात्र–छात्राएं एकजुट हो रहे हैं। छात्र–छात्राओं का कहना है कि नर्सिंग पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद उन्हें अस्पतालों में अनिवार्य इंटर्नशिप करनी होती है।

इस दौरान वे मरीजों की देखभाल के साथ ही अस्पताल की विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं में नियमित रूप से जिम्मेदारियां निभाते हैं। इसके बावजूद इंटर्नशिप अवधि में उन्हें किसी तरह का स्टाइपेंड या मानदेय नहीं दिया जाता है। गोपेश्वर, पौड़ी, चंपावत, टिहरी सहित प्रदेश के अन्य नर्सिंग कॉलेजों के छात्र–छात्राएं इस मांग के लिए लामबंद हो रहे हैं। उनका कहना है कि इंटर्नशिप के दौरान उनसे नियमित रूप से सेवाएं ली जाती हैं। इसलिए उन्हें निर्धारित मानदेय दिया जाना चाहिए। छात्र–छात्राओं ने सरकार से इस संबंध में जल्द निर्णय लेने की मांग की।

### राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों का निर्वहन करें

गोपेश्वर। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर में एनएसएस इकाई की ओर से राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। कॉलेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने लोकगीत और लोकनृत्य की प्रस्तुतियां दीं। प्राचार्य प्रो. एमपी नगवाल ने कहा कि स्वयंसेवकों को एनएसएस से निस्वार्थ भाव से जुड़कर समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वह्न करना चाहिए। लोकनृत्य प्रतियोगिता में नवनीत, लक्ष्मण और तन्वी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोकगीत प्रतियोगिता में निधि, जसवंत और अंकित क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय रहे। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला एनएसएस समन्वयक जगदीश टम्टा, समाज कल्याण अधिकारी धनंजय सिंह लिंगवाल, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विधि ढौंडियाल सहित महाविद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

### तलवाड़ी कॉलेज और बिलीवर फाउंडेशन के बीच हुआ समझौता

थराली। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आलम सिंह फर्स्वाण राजकीय महाविद्यालय तलवाड़ी और बिलीवर फाउंडेशन के बीच एक समझौता हुआ है। इस समझौते का उद्देश्य छात्र–छात्राओं को विभिन्न व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना है। प्राचार्य डॉ. सेराज मोहम्मद और फाउंडेशन की अध्यक्ष कंचन रावत ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। डॉ. सेराज मोहम्मद ने बताया कि महाविद्यालय में 15 अक्तूबर से 15 जनवरी 2027 के बीच कई व्यावसायिक प्रशिक्षण होंगे। कंचन रावत ने विद्यार्थियों से इन कौशल विकास कार्यक्रमों में भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर अभिभावक–शिक्षक संघ अध्यक्ष विवेक रावत और कनिष्ठ प्रमुख राजेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

# 9 माह का कठोर प्रशिक्षण पूरा कर 15 आरक्षी पुलिस की मुख्यधारा में शामिल



देहरादून, पुलिस लाइन देहरादून में बुधवार को 09 माह का गहन प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 15 प्रशिक्षु आरक्षियों की पासिंग आउट सेरेमनी आयोजित की गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले सभी आरक्षियों का उत्साहवर्धन किया। इन प्रशिक्षु आरक्षियों का प्रशिक्षण 17 नवंबर 2025 से शुरू हुआ था। नौ माह के कठिन प्रशिक्षण के बाद सभी प्रशिक्षु पुलिस की मुख्यधारा में शामिल हुए। इस अवसर पर एसएसपी देहरादून ने उत्तीर्ण प्रशिक्षुओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

**कानून से लेकर शस्त्र और फील्ड प्रशिक्षण तक मिली जानकारी**

प्रशिक्षण के दौरान आरक्षियों को अंतःकक्ष प्रशिक्षण के तहत भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम, विभिन्न अधिनियम, भारतीय संविधान, पुलिस एवं समाज, मानव व्यवहार एवं मनोविज्ञान, व्यक्तित्व विकास, अपराध शास्त्र, थाना अभिलेख, पुलिस संगठन एवं प्रशासन तथा पुलिस रेगुलेशन सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई।

वहीं बाह्य कक्ष प्रशिक्षण में पदादि प्रशिक्षण, शस्त्र प्रशिक्षण, फील्ड क्राफ्ट, पुलिस प्रशिक्षण, पीटी/पीई, योग एवं यूएसी आदि का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

**अंजुम निशा और फैज आलम का उत्कृष्ट प्रदर्शन**

प्रशिक्षण के दौरान रिक्रूट महिला आरक्षी अन्जुम निशा ने अंतःकक्ष परीक्षाओं में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रिक्रूट आरक्षी फैज आलम ने बाह्य कक्ष परीक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया।फैज आलम को पूरे प्रशिक्षण के दौरान सर्वांग सर्वोत्तम कैडेट चुना गया। इसके साथ ही उन्हें परेड कमांडर की जिम्मेदारी भी दी गई।

प्रशिक्षण एवं परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आरक्षियों को एसएसपी देहरादून ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन करते हुए पीठ थपथपाई।

कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी लाइन, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, समस्त आरटीसी स्टाफ, प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले आरक्षियों के परिजन एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### वृक्ष क्षतिपूर्ति नीति और विशेष बीमा योजना लागू करने की मांग

पुरोला। प्राकृतिक आपदाओं से सेब बागवानों को हो रहे नुकसान को देखते हुए विकासखंड मोरी के कनिष्ठ उप प्रमुख कमलेश रावत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजा है। उन्होंने नष्ट हुए सेब के पेड़ों का उचित मुआवजा देने और विशेष बीमा नीति लागू करने की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा कि उत्तरकाशी समेत उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में हर वर्ष असमय बर्फबारी, ओलावृष्टि, अतिवृष्टि और भूस्खलन से सेब बागवानों को भारी नुकसान उठाना पड़ता है। प्राकृतिक आपदाओं में कई बार केवल फसल ही नहीं, बल्कि वर्षों की मेहनत और आर्थिक निवेश से तैयार पूरे पेड़ नष्ट हो जाते हैं। ऐसे में बागवानों को दोबारा बाग तैयार करने में लंबा समय और अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है। कमलेश रावत ने मांग की कि प्राकृतिक आपदा में नष्ट होने वाले सेब के पेड़ों के लिए वृक्ष क्षतिपूर्ति नीति बनाई जाए। इसके तहत प्रत्येक नष्ट पेड़ के आधार पर उचित मुआवजा निर्धारित किया जाए।

# 29 सितंबर को देहरादून में रोजगार मेला

देहरादून, कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अंतर्गत क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, देहरादून की ओर से 29 सितंबर 2026 को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगा। मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियां योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी ममता चौहान नेगी ने बताया कि रोजगार मेले में करीब 18 निजी क्षेत्र की कंपनियां भाग लेंगी और विभिन्न पदों पर कुल 904 रिक्तियों के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। देहरादून के साथ ही प्रदेश के अन्य जनपदों के बेरोजगार युवा भी रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर में प्री–रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी समय रहते अपना पंजीकरण करा सकते हैं। रोजगार मेले के दिन भी पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

**ये दस्तावेज साथ लाना जरूरी**

रोजगार मेले में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को अपना बायोडाटा, मूल शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण–पत्र, प्रमाण–पत्रों की छायाप्रतियां, सेवायोजन कार्यालय का पंजीयन कार्ड तथा वैध पहचान पत्र साथ लाना होगा।

# चकराता के मोहना में सेवा सेतु शिविर




चकराता/देहरादून, चकराता विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोहना में बुधवार को सेवा सेतु अभियान के तहत एक दिवसीय बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 645 से अधिक ग्रामीणों ने प्रतिभाग कर केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लेने के साथ विभागीय सेवाओं का लाभ उठाया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनजाति परिषद के उपाध्यक्ष एवं राज्यमंत्री स्तर के गीताराम गौड़ तथा चकराता की ब्लॉक प्रमुख आशा वर्मा ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ पत्र एवं प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

**11 शिकायतों का मौके पर निस्तारण**

शिविर में ग्रामीणों की ओर से 12 जनसमस्याएं एवं शिकायतें दर्ज कराई गईं, जिनमें से 11 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। वहीं, शेष एक शिकायत के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

इसके अलावा शिविर में आय, जाति, खाता–खतौनी और सामाजिक पेंशन से संबंधित सेवाओं के तहत 99 पात्र व्यक्तियों के प्रमाण पत्र मौके पर ही जारी किए गए।

**अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गीताराम गौड़ ने कहा कि प्रदेशभर में 17 सितंबर से 18 अक्टूबर तक ह्यसेवा संकल्प अभियानह्न चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आशीर्वाद का दिया, मेरे सपनों का भारत, ह्यसेवा ज्योति कलश यात्रा और सुशासन सेवा संवाद सहित विभिन्न जनहितैषी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

# विकसित उत्तराखंड@2047 के विजन पर देहरादून में मंथन




देहरादून। उत्तराखंड को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य से मंगलवार, 22 सितंबर 2026 को होटल रमाडा, चकराता रोड, देहरादून में आयोजन किया गया। उत्तराखंड सेंटर फॉर पब्लिक पॉलिसी एंड गुड गवर्नेंस के संयुक्त आयोजन में राज्य के विकास की दीर्घकालिक दिशा, चुनौतियों और संभावनाओं पर विशेषज्ञों, अधिकारियों एवं विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने मंथन किया। कॉन्क्लेव में एमडीडीए, उत्तराखंड टूरिज्म, एचआरडीए, ब्रिडकुल और आईटीडीए सहित विभिन्न संस्थाओं ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में राज्य के समावेशी, सतत, सुदृढ़ एवं समृद्ध विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक रणनीतियों पर विचार–विमर्श किया गया।

अधिक औसत आय, मजबूत अर्थव्यवस्था और बेहतर जीवन गुणवत्ता जरूरी

प्रमुख सचिव नियोजन डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम ने कहा कि विकसित उत्तराखंड के विजन में राज्य की वर्तमान स्थिति, क्षमताओं, चुनौतियों और भविष्य की प्राथमिकताओं को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि विकसित राज्य की सामान्य समझ में अधिक औसत आय, मजबूत अर्थव्यवस्था और नागरिकों के जीवन की उच्च गुणवत्ता शामिल है। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तराखंड के लक्ष्य को हासिल करने के लिए जनसांख्यिकीय लाभांश का बेहतर उपयोग, जीएसडीपी में प्राथमिक क्षेत्र की हिस्सेदारी बढ़ाना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, युवाओं को रोजगार योग्य कौशल उपलब्ध कराना, पर्वतीय क्षेत्रों का विकास तथा कृषि को कम मूल्य वाली गतिविधियों से निकालकर उच्च मूल्य, बाजार आधारित, निर्यात एवं प्रसंस्करण आधारित कृषि की ओर ले जाना आवश्यक है।

**विकास का अंतिम लक्ष्य लोगों की खुशी हो: योगेंद्र नारायण**

पूर्व रक्षा सचिव भारत सरकार डॉ. योगेंद्र नारायण ने ऑनलाइन माध्यम से कॉन्क्लेव को संबोधित किया। उन्होंने उत्तराखंड की विरासत, संस्कृति, पर्यटन, शिक्षा और सामाजिक जवाबदेही को विकास की रणनीति से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य की विकास योजनाओं में सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक विरासत संरक्षण को अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

**जयन्त**

**संस्थापक : नरेन्द्र उनियाल**

**स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।**

**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कोटद्वार, (गढ़वाल) उत्तराखण्ड होगा।**

CONT. 9412081969
PRGI NO. 35469/79

